5

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

**A**

**CCE RR**

**UNREVISED**
**FULL SYLLABUS**

**Question Paper Serial No. 210**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 16. 06. 2023 ] [ Date : 16. 06. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'सीमित' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) सीमा (B) असीमित

   (C) मीत (D) अमिट

2. 'मोर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) मोरनी (B) शेरनी

   (C) शहर (D) शोर

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) डाली (B) कली

   (C) नदियाँ (D) पत्ती

4. 'जगना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) जग (B) जोग

   (C) जगवाना (D) जगाना

5. 'सहानुभूति' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) यण् (D) वृद्धि

6. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है –

(A) राजवंश (B) देश-विदेश

(C) चौमास (D) भरपेट

7. अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम् में हुआ ।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) पूर्ण विराम (D) अल्प विराम

8. आज ...................... दुनिया विचित्र और नवीन है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) का (B) में

(C) के (D) की

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. सेब बेचने वाला : बेईमान : : रेवड़ियाँ बेचने वाला : . ......................

10. पक्षी लक्ष्मण शास्त्री : रामानंद शास्त्री : : जैनुलाबदीन : .......................

11. मकान की छत : मछली की पीठ जैसी : : मकान के स्तम्भ : ..................

12. कृष्ण का रंग : काला : : यशोदा का रंग : ..................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?

14. रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई ?

15. 'समय की पहचान' कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?

16. भारत माता सुख-संपत्ति, धन-धाम कैसे बाँट रही है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?

18. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की ज़रूरत क्यों थी ?

19. अब्दुल कलाम को जलालुद्दीन ने नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?

20. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

21. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

22. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

23. सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ?

**अथवा**

शनि का वायुमंडल किन गैसों से बना है ?

24. झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?

**अथवा**

मीना मैडम ने अंत में छात्रों को क्या संदेश दिया ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी के प्रेम भाव का वर्णन कीजिए ।

26. इंटरनेट का योगदान अनुपम है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

27. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ? बताइए ।

28. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या किया ? बताइए ।

29. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।

30. कवि दिनकर जी ने वैज्ञानिक युग और आधुनिक मानव का विश्लेषण कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए ।

31. मातृभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य कैसा है ? वर्णन कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरू, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

टाइटन शनि का उपग्रह है । टाइटन हमारे चंद्र से भी बड़ा है । इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. बसंत एक ईमानदार, स्वाभिमानी लड़का है । कैसे ? बताइए ।

**अथवा**

पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................................

..............................................................

..............................................................

............................................... भागो तुम ।

**VII.** 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

भारत बहुभाषीय सर्वस्वतंत्र राष्ट्र है । हमारा देश त्याग और तपस्या का प्रतीक है । अनंत अनादि काल से हम लोगों ने संसार के सम्मुख एकता का उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत किया है । राष्ट्रीय भावैक्य यहाँ के विभिन्न संप्रदायों के लोगों की नस-नस में और रग-रग में कूट-कूट कर भरा हुआ है । हमने कभी किसी

को पराया नहीं माना । सारे राष्ट्र को एक मानते हुए भारत के लोगों ने संकुचित राष्ट्रीय भावना को कभी स्थान नहीं दिया । हमारी राष्ट्रीय भावना विश्व-परिवार की परिकल्पना के बहुत समीप है ।

अ) भारत कैसा राष्ट्र है ?

आ) भारतवासियों ने संसार के सम्मुख कैसा उदाहरण प्रस्तुत किया है ?

इ) भारत के विभिन्न संप्रदायों में राष्ट्रीय भावैक्यता कैसे भरी हुई है ?

ई) हमारी राष्ट्रीय भावना किस परिकल्पना के बहुत समीप है ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) **कर्नाटक वैभव**

* प्रस्तावना
* कर्नाटक का भौतिक परिवेश
* कर्नाटक की महान हस्तियाँ एवं उपलब्धियाँ
* कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला
* उपसंहार ।

ख) **नागरिक के कर्तव्य**

* प्रस्तावना
* नागरिक का अर्थ
* नागरिक के कर्तव्य
* उपसंहार ।

ग) **अनुशासन का महत्व**

* प्रस्तावना
* अनुशासन का अर्थ
* अनुशासन का महत्व
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. अपनी पाठशाला में मनाये गये 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के बारे में बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई भी सकारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।